N (19)

**जिला कार्यक्रम अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी, बिजनौर।**

प्रस्तुत पत्रावली समन्वित बाल विकास परियोजना कार्यक्रम के अर्न्तगत आंगनवाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया के पुर्ननिर्धारण से सम्बन्धित है।

तदक्रम में कृपया पत्रावली में दाहिनी और **पताका–''अ''** पर रक्षित प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन, बाल विकास एव पुष्टाहार अनुभाग के निदेशक बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार उ०प्र0 लखनऊ एवं समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 को सम्बोधित शासनादेश सं0–2025/3313/58–1–2025 (1917587) दिनांक 17 सितम्बर 2025 जो कि समन्वित बाल विकास परियोजना कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया का पुर्ननिर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में है, का अवलोकन करने का कष्ट करे। उक्त शासनादेश में आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर नियुक्ति हेतु पूर्व में निर्गत सभी शासनादेश को अवक्रमित करते हुए चयन प्रक्रिया प्रख्यापित की गयी है।

शासनादेश सं0–2025/3313/58–1–2025 (1917587) दिनांक 17 सितम्बर 2025 के बिन्दु सं०–03 चयन हेतु पात्रता/अर्हता के उपबिन्दु (क) में यह उल्लिखित है कि **''सर्वप्रथम आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कुल रिक्त पदों के सापेक्ष 50 प्रतिशत पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के भर्ती हेतु अपेक्षित अर्हता पूर्ण करने वाली आंगनबाड़ी सहायिका से चयन की कार्यवाही की जायेगी तथा बिन्दु सं०–12 ''समायोजन'' के अन्तर्गत समायोजन की कार्यवाही पूर्ण किये जाने** के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी/अध्यक्ष, चयन समिति एवं जिलाधिकारी महोदया के अनुमोदन उपरान्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त 268 पदों एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त 260 पदों पर चयन हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराते हुए दिनांकः 25 जून 2026 तक ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किये गये है।

उपरोक्त के क्रम में अनुरोध है कि कृपया पत्रावली मे सम्मुख रक्षित सूची के अनुसार कुल 02 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समायोजन आदेश एंव कुल 02 सहायिकाओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर प्रतिचयन सम्बन्धी नियुक्ति–पत्र निर्गत किये जाने हेतु सहमति की दशा में अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जनता मुलाकात के दौरान तत्सम्बन्धित पोर्टल के समय–समय पर तकनीकी रूप से कार्य न करने एंव कतिपय आंगनबाड़ी केन्द्रों का पोर्टल पर प्रदर्शित न होना संज्ञानित हुआ है। अतः उपरोक्त के दृष्टिगत जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के विज्ञापित कुल 268 व 260 पदों पर चयन के लिए तत्सम्बन्धित पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किये जाने की समय–सीमा अधिकतम 10 दिन अर्थात 25 जुलाई 2026 तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। कृपया सहमति की दशा में अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

15.07.2026
(आकृष्ट पाण्डेय)
कनिष्ठ सहायक
कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर

15/7/2026
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर

RBM 15/7/2026
TCDO
मुख्य विकास अधिकारी
बिजनौर

15/07/2026



Scanned with OKEN Scanner

निःशुल्क प्रकाशनार्थ

# कार्यालय– जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर।

पत्रांक C-656 /जि0का0अ0/आं0बा0 भर्ती/2026–27/ दिनांकः– 15-07-2026

## प्रेस–नोट

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत जनपद में आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर दिनांक 15 जुलाई 2026 ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। तकनीकी कारणों से तत्सम्बन्धी पोर्टल के कार्य न करने के कारण, जनसामान्य के द्वारा रिक्त पदों पर ऑनलाइन आवेदन नहीं किये जा सके हैं। अतएव जिलाधिकारी महोदया के अनुमोदन के क्रम में जनपद में आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की तिथि 15 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 25 जुलाई 2026 की जाती हैं। जनसामान्य द्वारा आंगनबाड़ी भर्ती पोर्टल http://upanganwadibharti.in पर दिनांक 25 जुलाई 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेगें।

15/07/2026

(विमल कुमार चौबे)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर।

पृष्ठॉकन संख्या /तद् दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1– निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0 प्र0 लखनऊ।
2– जिलाधिकारी, बिजनौर।
3– मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर।
4– समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद बिजनौर।
5– समस्त, सदस्यगण चयन समिति, बिजनौर।
6– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बिजनौर।
7– समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी बिजनौर।
8– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त प्रेस–नोट को सभी दैनिक समाचार पत्रों के दिनांक 16.07.2026 के अंक में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर।



Scanned with OKEN Scanner
Rojgar Result RojgarResult.Com